सोलर हाईमास्ट

क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट की स्थापना का कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे सामूहिक स्थलों पर किया जाता है जहां परंपरागत ऊर्जा के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था करने में कठिनाई होती है या अधिक व्यय करना पड़ता है। सोलर हाईमास्ट से गांव एवं कस्बों के हाट-बाजार, मुख्य चौक-चौराहों, सामुदायिक एवं मेला स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होती है।

राज्य में अब तक 2,392 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है।

संयंत्र

सोलर हाईमास्ट में एक 09 मीटर ऊँचा पोल, निर्धारित क्षमता के पैनल, एल.ई.डी. लाईट, लिथियम फेरोफॉस्फेट बैटरी, कन्ट्रोलर एवं वायररोप सह चैन पुल्ली लगे होते हैं। (900Wp Module / 9Meter Height Pole with LFP Battery)

संयंत्र लागत

वर्तमान में 09 मी. एवं 900 वॉट क्षमता के संयंत्र हेतु अनुमानित लागत रु. 5.25 लाख है।

शहीद चौक, कवर्धा

CREDA

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

लाभ

सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की स्थापना ग्रामों/कस्बों के मुख्य चौक-चौराहों, हाट-बाजार, मेला-मड़ई स्थलों आदि में होने से मुख्यतः आम नागरिकों को रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, रात्रिकालीन आवागमन एवं सुरक्षा उपलब्ध हो रही है। प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण स्थानीय हाट-बाजार भी देर रात तक संचालित हो रहे हैं। निरंतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होने से ग्राम के महिलाओं एवं बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध हो रही है।

संचालन एवं संधारण

- सोलर हाई मास्ट संयंत्र के स्थापना उपरांत 05 वर्षों तक संयंत्रों के रखरखाव का कार्य स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।
- 05 वर्ष उपरांत संयंत्रों का रखरखाव क्रेडा द्वारा किया जाता है इस हेतु क्रेडा में पृथक से संचालन/संधारण शाखा है।
- जिला कार्यालय स्तर पर एक शिकायत पंजी का संधारण किया जाता है, जिसमें किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का संधारण किया जाता है, व उन शिकायतों का निराकरण संबंधित सिस्टम इंटीग्रेटर/इकाई के माध्यम से तत्काल (07 दिवस की समयावधि के अंदर) किया जाता है।

कार्ययोजना

आगामी 3 वर्षों में लगभग 5,000 सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

नवीन बाजार, कवर्धा

बस्तर, जिला जगदलपुर